15 DEC-JANJ Bhoomi PG-1_Layout 1 12/15/2023 10:10 PM Page 1

तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 10. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 16 दिसंबर 2023

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

4 चार साल बाद भी डूबान प्रभावित किसानों को नहीं मिला मुआवजा



## खबर संक्षेप

### आईटीआई में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 22 को

**सक्ती।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, जांजगीर-चांपा द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से शुक्रवार 22 दिसंबर को प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक शासकीय आई.टी.आई. सक्ती नंदेली भाठा में एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि प्लेसमेंट कैंप में निजी क्षेत्र के नियोजक न्यूट्रीन्टी काप केयर प्राइवेट लिमिटेड बिलासपुर द्वारा सेल्स रिप्रेजेन्टेटिव, ग्रुप लीडर, एवं टीम लीडर के पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। उक्त पद हेतु शैक्षणिक सेल्स रिप्रेजेन्टेटिव, हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वी एवं ग्रुप लीडर व टीम लीडर पद के लिये 12वी स्नातक कृषि निर्धारित किया गया है।

### पंजीकृत असंगठित श्रमिकों को मिलेगी सहायता राशि

**जांजगीर-चांपा।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी आदेश के अनुसार ई-श्रम पोर्टल में पंजीकृत ऐसे असंगठित श्रमिक जिनका पंजीयन 31 मार्च 2022 को अथवा पूर्व हुआ हो तथा दुर्घटनागत कारणों से पंजीकृत श्रमिक की मृत्यु या स्थायी दिव्यांगता 31 मार्च 2022 को अथवा पूर्व हुई हो, को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का लाभ एक्सग्रेसिया के रूप में दिया जाना प्रावधानित है। एक्सग्रेसिया के रूप में पात्र हितग्राहियों को मृत्यु एवं स्थायी दिव्यांगता पर सहायता राशि 2 लाख रूपए एवं आंशिक दिव्यांगता पर राशि 1 लाख रुपए प्रदाय किया जाना है।

### जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक 19 को

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक मंगलवार 19 दिसम्बर को सायं 4 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आहूत की गई है। बैठक में खरीफ सिंचाई की समीक्षा एवं आगामी रबी सिंचाई कार्यक्रम 2023 तथा खाद बीज की उपलब्धता पर चर्चा की जाएगी। सचिव व नोडल अधिकारी कार्यपालन अभियंता हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग जांजगीर ने जिले के कृषक संगठनों के प्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि बैठक में भाग लेकर अपना सुझाव रखकर कार्यक्रम निर्धारण में सहयोग प्रदान करें।

### घासीदास जयंती पर 18 को बंद रहेगी मदिरा दुकानें

**जांजगीर-चांपा।** गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर 18 दिसंबर को जिले में शुष्क दिवस घोषित किया है। गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर जांजगीर चांपा जिले में सभी प्रकार की मदिरा दुकान अर्थात देशी मदिरा विदेशी मदिरा देशी मदिरा सी.एस. प्रीमियम शॉप चांपा को पूर्णता बंद रखने का आदेश दिया गया है।

## जिले में अब तक 20 हजार से अधिक कृषकों ने की 86 हजार मीट्रिक टन धान की बिक्री

# खरीदी में अब आई तेजी, पांच दिन में 15 हजार किसानों ने बेचा धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में अब धान खरीदी की रफ्तार में तेजी आ गई है। किसान बडी तादाद में उपार्जन केन्द्रो में धान बेचने पहुंच रहे है। पिछले पांच दिनों के अंदर ही 15 हजार से अधिक किसानों ने 60 हजार मीट्रिक टन से अधिक धान समर्थन मूल्य पर बेचा है। खरीदी में आई तेजी के साथ ही सरकारी अमला भी अब धान के उठाव और अन्य व्यवस्था को लेकर मुस्तैद हो गया है।

गौरतलब है कि राज्य शासन द्वारा 1 नवंबर से प्रदेश भर में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरूआत की गई है। कृषि प्रधान जिला जांजगीर चांपा में इस बार 5 लाख 58 हजार मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है। धान बेचने के लिए 1 लाख 21 हजार 822 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। जिले में 129 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से धान खरीदी की जा रही है। शुरूआती दिनों में धान की आवक केन्द्रों में काफी कम थी। नवंबर माह की समाप्ति तक 50 उपार्जन केन्द्रों में बोहनी तक नहीं हो सकी थी। छत्तीसगढ़ में नई सरकार बनने का किसान इंतजार कर रहे थे। इसके बाद मौसम में आई खराबी के कारण किसान धान नहीं बेच पा रहे थे। शनिवार 9 दिसंबर तक जिले में 5 हजार 724 किसानों ने 22 हजार 807 मीट्रिक टन धान बेचा था। इसके बाद सोमवार 11 दिसंबर से धान खरीदी केन्द्रों में किसानों की भीड़ लगने लगी। पांच दिनों के अंदर ही 15 हजार से अधिक किसानों ने 60 हजार मीट्रिक टन से अधिक धान बेचा। इस तरह जिले में अब तक 20 हजार 769 किसानों ने समर्थन मूल्य पर धान बेचा है। किसानों से 86 हजार 589 मीट्रिक टन धान की खरीदी शुक्रवार 15 दिसंबर तक की जा चुकी है। खरीदी केन्द्रों में अब प्रतिदिन बडी संख्या में किसान अपना धान लेकर पहुंच रहे है। वहीं बहुत से किसान धान बेचने के लिए टोकन भी कटवा रहे है। धान की आवक बढ़ने से सरकारी अमला भी अब उठाव और अन्य व्यवस्था को लेकर मुस्तैद नजर आ रहा है। अधिकारी भी खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लेकर जरूरी दिशा निर्देश दे रहे है। कलेक्टर के अलावा प्रशासन के अधिकारी धान खरीदी केन्द्रों का दौरा कर रहे है। इसी कड़ी में शुक्रवार को संभागायुक्त केडी कुंजाम ने धान खरीदी केन्द्र खटोला, कोटगढ़ और जावलपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों और संबंधित अधिकारियों से चर्चा करते हुए जरूरी दिशा निर्देश भी दिए।



उपार्जन केन्द्र में बेचने के लिए पहुंचा किसानों का धान।

### करा रहे उठाव

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य में अब तेजी आ गई है। पिछले कुछ दिनों से धान बेचने के लिए बड़ी संख्या में किसान उपार्जन केन्द्रों में पहुंच रहे है। धान की आवक बढ़ने के साथ ही नियमित उठाव किया जा रहा है। लगातार मिलर्स को डीओ जारी किया जा रहा है।

-गजेन्द्र राठौर,
डीएमओ
जांजगीर चांपा

### संभाग आयुक्त ने धान उपार्जन केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

**सक्ती।** बिलासपुर संभाग के कमिश्नर के. डी. कुंजाम ने शुक्रवार 15 दिसंबर को धान उपार्जन केंद्र बस्ती बाराद्वार और डुमरपारा पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने धान की गुणवत्ता व नमी की मात्रा, समिति प्रभारी से कुल धान खरीदी की मात्रा, मिलर्स द्वारा धान उठाव की स्थिति, पंजीकृत किसानों एवं धान क्रय कर चुके किसानों की अद्यतन स्थिति, बारदाना की उपलब्धता सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। कमिश्नर श्री कुंजाम ने धान उपार्जन केन्द्रों में उपस्थित किसानों से उपलब्ध सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। संभागायुक्त ने जिला खाद्य अधिकारी, जिला विपणन अधिकारी, सहकारिता अधिकारी सहित सभी संबंधित अधिकारियों को शासन के निर्देशानुसार सुव्यवस्थित ढंग से धान खरीदी कार्य करने के निर्देश दिए, जिससे किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो। उन्होंने समय पर तौल एवं बारदाना वितरण सुनिश्चित कराए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए।



निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर बीरेंद्र कुमार लकड़ा,एसडीएम सक्ति पंकज डाहिरे, बाराद्वार तहसीलदार विद्याभूषण साव, जिला खाद्य अधिकारी अमृत कुजूर , जिला विपणन अधिकारी सुश्री हीना खान, सहकारिता अधिकारी सुश्री माहेश्वरी तिवारी सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# पंजीयन तक सिमटकर रह गया रोजगार दफ्तर

## जिले में 1 लाख 49 हजार से अधिक बेरोजगार



रोजगार कार्यालय में पंजीयन कराने पहुंचे बेरोजगार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में बेरोजगारों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। रोजगार के अवसर नहीं मिलने के कारण बेरोजगारों का आंकड़ा बढ़ते बढ़ते 1 लाख 49 हजार को पार कर गया है। रोजगार कार्यालय महज बेरोजगारों के पंजीयन तक सिमटकर रह गया है।

बढती जनसंख्या के साथ ही बेरोजगारों भी बड़ी समस्या बन गई है। जिले में वैसे तो कई उद्योग संचालित है। इसके बावजूद यहां बेरोजगारों की फौज कम होने के बजाए उल्टे बढ़ती जा रही है। रोजगार कार्यालय बेरोजगारों के पंजीयन तक ही सिमटकर रह गया है। जिले मे 30 नवंबर तक की स्थिति में 1 लाख 49 हजार 45 शिक्षित बेरोजगारों ने रोजगार कार्यालय में पंजीयन कराया है। इनमें 56 हजार 748 महिलाएं भी शामिल है। बेरोजगारों ने नौकरी की चाह में रोजगार कार्यालय में पंजीयन तो कराया है, लेकिन इसके माध्यम से उन्हें रोजगार के अवसर नहीं मिल पा रहे है। ऐसे में शिक्षित बेरोजगार नौकरी की चाह लिए यहां वहां भटक रहे है।

### 68 सौ को मिल रहा भत्ता

जिले में पंजीकृत बेरोजगारों में से 6 हजार 836 बेरोजगारों को भत्ता मिल रहा है। बेरोजगारी भत्ता की योजना पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने शुरू की थी। अब प्रदेश में भाजपा की सरकार आ गई है। ऐसे में भत्ता पाने वाले बेरोजगार भी भत्ते को लेकर आशंकित है।

### करते है प्रयास

रोजगार कार्यालय में पंजीकृत बेरोजगारों को रोजगार के अवसर मुहैया कराने प्रयास किया जाता है। समय समय पर प्लेसमेंट कैंप भी लगवाए जाते है, ताकि बेरोजगारों को रोजगार मिल सके।

एम.आर.जायसवाल,
जिला रोजगार अधिकारी, जांजगीर

# चरित्रशंका पर पत्नी की हत्या करने वाले को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

चरित्र शंका को लेकर पत्नी की हत्या करने वाले पति को आजीवन कारावास और 5 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। सत्र न्यायाधीश सुरेश कुमार सोनी ने उक्त फैसला सुनाया है। मामला नवागढ़ थाना अंतर्गत अवरीद गांव का है।

- सत्र न्यायाधीश सुरेश कुमार सोनी ने सुनाया फैसला

इस संबंध में अभियोजन से मिली जानकारी के अनुसार अवरीद निवासी गंगाराम श्रीवास अपनी पत्नी संगीता श्रीवास के चरित्र पर शंका करता था और इसी बात को लेकर उसके साथ हमेशा गाली गलौच कर मारपीट करता था। गंगाराम ने 11 मार्च 2021 को भी घर में उसी बात को लेकर अपनी पत्नी संगीता श्रीवास को घर में रखे बांस के डंडा से मारपीट की। संगीता को गंभीर चोट आई और वह घटना स्थल पर हीबेहोश होकर गिर गई। संगीता श्रीवास को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय जांजगीर लाया गया, जहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने गंगाराम श्रीवास के विरूद्ध धारा 302 का अपराध पंजीबद्ध कर मामले का अन्वेषण किया। गंगाराम को गिरफ्तार कर विवेचना पूर्ण कर पुलिस ने अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। सत्र न्यायालय जांजगीर में मामले की सुनवाई हुई। सत्र न्यायाधीश सुरेश कुमार सोनी ने साक्ष्यों के आधार पर अपना फैसला सुनाया। न्यायाधीश ने 32 वर्षीय गंगाराम श्रीवास पिता संतोष श्रीवास को धारा 302 के अपराध के लिए आजीवन कारावास एवं 5 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया। आरोपी द्वारा अर्थदण्ड की राशि अदा नहीं करने पर 1 माह के सश्रम कारावास की सजा भुगताये जाने का आदेश दिया गया है। प्रकरण में अभियोजन की ओर से पैरवी लोक अभियोजक राजेश पाण्डेय ने पैरवी की।



# यातायात नियम का उल्लंघन करने वाले 68 वाहन चालकों से वसूला गया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

यातायात नियमों का उलंघन करने वाले 68 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। वाहन चालकों से 12 हजार 7 सौ रुपए का जुर्माना वसूल किया गया है।

जिला पुलिस यातायात द्वारा जिले में सड़क दुर्घटना में कमी लाने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर पुलिस द्वारा कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में 14 दिसंबर को 68 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। थाना बलौदा पुलिस द्वारा 15 वाहन चालकों, थाना चांपा पुलिस द्वारा 26 वाहन चालकों, यातायात पुलिस द्वारा 27 वाहन चालकों के खिलाफ मोटर अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। यातायात पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान भविष्य में यातायात नियमों का पालन करने, अपने वाहन के आगे पीछे रिफ्लेक्टर लगाने एवं नो पार्किंग में वाहन खड़ा नही करने एवं मो. सायकल में तीन सवारी नही चलाने एवं शराब पीकर वाहन नही चलाने हेतु समझाईस दी जा रही है।

### मुख्य मार्ग में खड़े तीन भारी वाहन किए गए जब्त

लापरवाहीपूर्वक मुख्य मार्ग में खड़े किए गए तीन भारी वाहन को बिर्रा पुलिस ने जब्त किया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बिर्रा थाना क्षेत्र के ग्राम तालदेवरी पेट्रोल पंप के पास मेन रोड में भारी वाहनों को खड़ा कर दिया गया था। इससे राहगीरों को परेशानी हो रही थी। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो मुख्य मार्ग में ट्रक क्रमांक सीजी 22 वाय 4053 खडी थी ओर चालक पवन कुमार सिंह वहीं पर मौजूद था। इसी तरह ट्रक क्रमांक सीजी 12 एआर 2699 के चालक सहाबुद्दीन ने मेन रोड पर वाहन खड़ी की थी। एक अन्य ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीसी 2400 के चालक साहेबदास मानिकपुरी ने भी मेन रोड में ट्रक खड़ी की थी। बिर्रा पुलिस ने तीनों ट्रकों को जब्त करने की कार्रवाई की। पुलिस ने भादंवि की धारा 283 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वाहनों को जब्त करने की कार्रवाई की है।

## सार्वजनिक जगह पर शराब पीने पिलाने वाले 19 आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने और पिलाने वालों के खिलाफ पुलिस ने अभियान छेड़ दिया है। अभियान के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस ने 19 आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की है। इसी कडी में 14 दिसंबर को जिले के थाना व चौकी स्तर पर विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान नैला चौकी क्षेत्र में 3, अकलतरा थाना क्षेत्र में 1, पामगढ़ थाना क्षेत्र में 10 , नवागढ़ थाना क्षेत्र में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। नैला पुलिस ने वार्ड क्रमांक 10 नैला में संतोष यादव, प्रकाश निर्मलकर और वार्ड क्रमांक 5 निवासी संतोष कुमार कश्यप को पकड़ा। अकलतरा पुलिस ने अकलतरा के वार्ड क्रमांक 15 निवासी नरेश बंजारे को गिरफ्तार किया। नवागढ़ पुलिस ने नवागढ़ निवासी खोलेश्वर जलतारे, मनहरण जलतारे, मुन्ना जलतारे, बरभांठा निवासी मनोज रत्नाकर को पकड़ा। पामगढ पुलिस ने मेऊ निवासी मनोज यादव, दिलीप कुमार साहू, अरूण यादव, उरैया निवासी साजन पाटले, राहुल बंजारे, देवेन्द्र लहरे, अवरीद निवासी संतोष उर्फ दुकालू यादव, कोसला निवासी परमेश्वर साहू, भैसों निवासी जयकरण केवर्त, भदरा निवासी दिलेश्वर यादव और केपटाडीह थाना पचपेड़ी जिला बिलासपुर निवासी जीवन सतनामी को पकड़ा। सभी के विरूद्ध धारा 36 च (1) एवं 36 सी आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।


# पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रम में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

## पैरामेडिकल संस्थान NSDC-SDMS केन्द्र क्र. - 89923

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के सभी संभाग के विभिन्न जिलों में पैरामेडिकल संस्था द्वारा संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में **(सत्र 2024-25)** के प्रवेश, नेशनल स्कील डेवलपमेंट कार्पोरेशन **( मिनीस्ट्री ऑफ स्किल डेवलपमेंट भारत सरकार का उपक्रम )** हेतु आवेदन आमंत्रित है।

**उपलब्ध एवं प्रस्तावित विभिन्न केन्द्रों के नाम पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें**

| उपलब्ध केन्द्रों व जिलों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (D.O.T.) पोस्ट डिप्लोमा इन आपरेशन थियेटर टेक्निशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्निशियन | पोस्ट डिप्लोमा इन नर्सिंग सुपरवाईजर | पोस्ट डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्नीशियन | डिप्लोमा इन योगा एण्ड नैचरोपेथी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 120 सीटें | 120 सीटें | 120 सीटें | 120 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| कोरबा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| रायगढ़ | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| अंबिकापुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| रायपुर | 120 सीटें | 120 सीटें | 120 सीटें | 120 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| धमतरी | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| सरईपाली | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| जगदलपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें |
| कोंडागांव | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |

**आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत :** अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक । **विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।**

**नोट :-**

1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारुप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे। साथ ही **25 रुपये** का डाक टिकट लगा हूआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा।
3. विद्या कौशल के माध्यम से शैक्षिणिक लोन उपलब्ध है।
4. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :-11.01.2024 तक।**
**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-16.01.2024 तक।**

कार्यालय का पता:-पैरामेडिकल संस्थान NSDC/SDMS, केन्द्र क्र. 89923, सहारा ऑफिस रोड, राजकिशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495 006

### आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, NSDC/SDMS, केन्द्र क्र. 89923, सहारा ऑफिस रोड, राजकिशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495 006

महोदय,

................ (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ।

1. आवेदक का नाम ................ 2. पिता / पति ................
3. जन्म तिथि अंकों में ................ 4. वर्ग: - अनु. ज. जाति ☐ अनु. जन जाति ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम ................ पोस्ट ................ तहसील ................
थाना ................ जिला ................ पिन कोड ☐
मो. नं. 1 ................ मो. नं. 2 ................ वाट्सअप नं. ................
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ................
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, NSDC-SDMS केन्द्र क्र. 89923


## 8 दिवसीय भर्ती रैली में सीईई परीक्षा पास 68 सौ अभ्यर्थी होंगे शामिल

# अग्निवीर बनने पुलिस लाइन में नौजवान दे रहे इम्तिहान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अग्निवीर सेना भर्ती रैली की शुरूआत पुलिस लाइन खोखराभांठा जांजगीर में 15 दिसंबर की रात से हो गई है। भर्ती रैली 23 दिसंबर तक चलेगी। इस रैली में सीईई की परीक्षा पास कर चुके 68 सौ अभ्यर्थी शामिल होंगे। भर्ती रैली के दौरान नौजवानों के बीच दौड़, कूद सहित कई तरह के शारीरिक टेस्ट लिए जाएंगे। रैली के पहले दिन सक्ती, बिलासपुर, मनेन्द्रगढ़, चिरमिरी, भरतपुर जिले के युवा शामिल हुए। वही दूसरे दिन जांजगीर चांपा के अलावा रायगढ़, मुंगेली, कोरबा और बेमेतरा जिले के युवाओं ने रैली में भाग लिया।

जिले में इस बार अग्निवीर सेना भर्ती के लिए रैली आयोजित की जा रही है। भर्ती की प्रक्रिया में इस बार कुछ बदलाव किए गए है। पहले सीईई की परीक्षा ली गई है। इस परीक्षा में प्रदेश भर के 6 हजार 875 प्रतिभागी पास हुए है। यह प्रतिभागी अब खोखराभांठा जांजगीर में आयोजित भर्ती रैली में शामिल हो रहे है। रैली 15 दिसंबर से शुरू हुई है। अग्निवीर भर्ती के पहले दिन छत्तीसगढ़ के 3 जिलों बिलासपुर, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर और सक्ती के कुल 815 युवाओं को प्रथम दिन के लिए एडमिट कार्ड जारी किये गये थे, जिसमें 680 उम्मीदवारों ने उपस्थिति दर्ज की। वहीं रैली के दूसरे दिन 16 दिसंबर को जांजगीर चांपा, रायगढ़, मुंगेली, कोरबा और बेमेतरा जिले के युवाओं ने देर रात तक भर्ती रैली में परीक्षा दी।भती रैली के दौरान प्रतिभागियों को रात 12 बजे प्रवेश दिया जा रहा है। इसके बाद रात से लेकर अलसुबह तक परीक्षार्थियों की शारीरिक दक्षता एवं अन्य परीक्षण किए जा रहे है। सेना भर्ती कार्यालय से राधे श्याम ने बताया कि दौड़ परीक्षा उत्तीर्ण उम्मीदवारों को इसके बाद शारीरिक प्रवीणता, कागजी कार्यवाही और मेडिकल की प्रक्रिया से गुजरना होगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन जांजगीर-चांपा और सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के संयुक्त सहयोग से भर्ती प्रक्रिया सुचारु रूप से चल रही है तथा युवाओं में इस रैली भर्ती के प्रति अपार उत्साह देखा जा रहा है।



अग्निवीर भर्ती रैली में टेस्ट देते युवा।

## खबर संक्षेप

### दावड़ा होंगे पूज्य सिंधी पंचायत के नए अध्यक्ष



**कोरबा।** पूज्य सिंधी पंचायत वर्ष 2024-25 के अध्यक्ष पद किशन चंद दावड़ा को सर्वसम्मति से चुना गया है। निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित होने की औपचारिक घोषणा पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा 26 दिसंबर को आहूत आम सभा में की जायेगी। उक्त जानकारी मुख्य चुनाव अधिकारी महेश भावनानी एवं सहायक चुनाव अधिकारी मनोज जेठानी, आनंद बुधवानी ने संयुक्त रूप से दी है।

### दिव्यांग बच्चों के लिए आंकलन शिविर का आयोजन



**कोरबा।** कलेक्टर सौरभ कुमार एवं जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप के निर्देशन में आज विकासखण्ड स्त्रोत केन्द्र पोड़ी-उपरोड़ा में समग्र शिक्षा अंतर्गत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का आंकलन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉक्टरों की संयुक्त टीम द्वारा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें सहायक उपकरण व प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

### कुसमुंडा में फील द बीट सीजन 2 डांस प्रोग्राम का आयोजन



**कोरबा।** आदर्श नगर कुसमुंडा में फील द बीट सीजन 2 डांस प्रोग्राम का आयोजन रखा गया। जिसके आयोजक सुमित मार्क, चंदन शाहिस एवं अमित गुप्ता थे। जिसमें मुख्य अतिथि अमरजीत सिंह, अजय प्रसाद, अथिति शाहिद कुजूर, विनय बिंझवार, नारी शक्ति महिला मण्डल, स्वतंत्र महिला मण्डल, एकता महिला मण्डल का पूर्ण सहयोग रहा। इस प्रोग्राम में फर्स्ट प्राइज आर्यन डांस ग्रुप रायपुर, सेकंड प्राइज वन स्टेप डांस ग्रुप तथा थर्ड प्राइज रॉयाल ग्रुप बिलासपुर को मिला तथा डुएट प्राइज फर्स्ट एम जे पौपरस कोरबा, सोलो प्राइज फर्स्ट प्राइज कोलंबस सिंह, सेकंड प्राइज आकाश बिलासपुर,थर्ड प्राइज सुबीन पटेल को मिला।

### विप्स की महिला पदाधिकारियों ने किया गेवरा माइंस का दौरा



**कोरबा।** वूमेन इन पब्लिक सेक्टर (विप्स) का 31वां पश्चिमी क्षेत्रीय सम्मेलन बिलासपुर में आयोजित किया गया। सम्मेलन के अंतिम दिवस प्रतिभागी महिलाओं ने गेवरा ओपनकास्ट माइंस का अवलोकन किया। गेवरा क्षेत्र एशिया की सबसे बड़ी ओपन कास्ट माइन है। सभी ने कोयला उत्पादन और प्रेषण की प्रक्रिया को देखा। भारी मशीनों की जानकारी ली गईं। सम्मेलन में एसईसीएल सहित सीआईएल की अन्य अनुषांगिक कंपनियों के विपस संगठन से जुड़ी 200 महिलाओं की भागीदारी हुई। इसी प्रकार 22 दिसम्बर को ही नगर पंचायत छुरी में, 23 दिसम्बर को दीपका तथा पाली में एवं 24 दिसम्बर को कटघोरा में शिविर लगाए जाएंगे।

### अंतरजिला गिरोह के 6 सदस्यों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

# जिले से चार ट्रेलर की चोरी, जब्त करने पहुंची पुलिस को मिले महज छोटे टुकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अक्सर मोटरसाइकिल की चोरी की घटना सामने आई थी। पिछले कुछ दिनों से जिले के अलग-अलग क्षेत्र से मोटरसाइकिल के साथ-साथ ट्रेलर वाहन की चोरी बढ़ गई थी। पुलिस की समझ में नहीं आ रहा था कि आखिर ट्रेलर वाहन की चोरी कौन कर रहा है। जब पुलिस ने मामले की तह तक जाने का प्रयास किया तो पता चला कि जिले में एक ट्रेलर चोरी करने वाला गिरोह काम कर रहा है जो ट्रेलर चोरी करने के बाद उसे रायपुर के कबाड़ी के पास खपा रहा था। जब पुलिस की टीम ट्रेलर को जब्त करने पहुंची तो पुलिस को ट्रेलर तो नहीं मिला लेकिन उसके छोटे-छोटे टुकड़े जरूर मिले हैं इस चोरी के मामले को पुलिस ने भले ही सुलझा लिया है लेकिन पुलिस के हाथ कबाड़ के अलावा कुछ नहीं लगा है। मामले में कुल 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

**खास बात**

- पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से देशी कट्टा, बोलेरो वाहन व अन्य सामान जब्त



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व मीडिया से चर्चा करते अफसर।

उल्लेखनीय है कि सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत टीपी नगर क्षेत्र से 3 दिसंबर की रात महिंद्रा शोरूम के सामने सड़क पर खड़ी ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 एस 1305 को किसी अज्ञात चोर ने चुरा लिया था। ट्रेलर मलिक दूसरे दिन जब अपनी ट्रेलर वाहन के पास पहुंचा तो ट्रेलर वहां गायब थी। तब ट्रेलर के मलिक मोहम्मद मंसूर अंसारी ने इस मामले के लिखित शिकायत सीएसईबी चौकी पुलिस से की थी। इसी तरह जिले के अलग-अलग क्षेत्र में ट्रेलर वाहन चोरी की कई घटनाएं सामने आई थी। जब पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला को इस मामले से अवगत करवाया गया तो उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए ट्रेलर चोर गिरोह को पकड़ने के लिए पुलिस के अधिकारियों को निर्देशित किया था। जिसके आधार पर सीएसईबी चौकी प्रभारी नवीन पटेल व साइबर सेल की टीम मामले की तहकीकात में जुटी हुई थी। क्षेत्र में लगे दर्जनों सीसीटीवी फुटेज को खंगालने पर पुलिस को कई अहम सुराग मिले जिसके आधार पर पुलिस ने इस मामले में हरदीबाजार दर्राखांचा निवासी भोलेष पाल 25 वर्ष पिता जगदीश प्रसाद व उसके साथी कहरापारा बलौदा जिला जांजगीर-चाम्पा निवासी विनोद कुमार आदित्य 35 वर्ष पिता शिवकुमार जाति कहरा, बलौदा जांजगीर-चाम्पा संदीप कुमार राय 28 वर्ष पिता तुलसी राय, खिसोरा बलौदा जांजगीर-चाम्पा निवासी किर्ती कुमार शर्मा उर्फ यश 28 वर्ष पिता विजय कुमार शर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपियों ने टीपी नगर से ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 एस 1837 एवं ट्रेलर कमांक सीजी 12 एस 1305 को स्याहीमुड़ी, दर्री से ट्रेलर कमांक सीजी 22 ए सी 6619 व दीपका से ट्रेलर कमांक सीजी 12 एस 6013 को चोरी कर रायपुर निवासी गाजी खान तथा रासीद खान उर्फ बाबू के पास बेचने की बात कबूल की। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर रायपुर से कबाड़ी के कब्जे से ट्रेलर वाहन के टुकड़ों को बरामद कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से कुल 7 नग मोबाईल फोन, 1 नग देशी कट्टा, नगदी रकम 50 हजार, 2 नग मोटर सायकल, 1 नग बोलेरो वाहन बरामद किया गया है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 379,120 (बी), 201,34,411,413 एवं 25 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

**करोड़ों का ट्रेलर बेचा लाखों में**

पकड़े गए आरोपी जिले के अलग अलग क्षेत्र से ट्रेलर वाहन की चोरी करते थे और उसे रायपुर में अपने परिचित के पास बेच दिया करते थे और उससे रकम ले लिया करते थे। रायपुर निवासी गाजी खान व रासीद खान ट्रेलर वाहन को कबाड़ी को खापा देते थे। कबाड़ी लाखों रुपए कीमती ट्रेलर वाहन को छोटे-छोटे टुकड़ों में परिवर्तित कर दिया करते थे ताकि ट्रेलर के बारे में किसी को कुछ पता ना चले। जिस तरह से यह गोरखधंधा संचालित हो रहा था इससे यह साफ है कि यह कारोबार बड़े पैमाने पर हो रहा था।

## अतिक्रमण, कार्रवाई नहीं होने से व्यापारियों ने शुरू की मनमानी



फिर से शुरु हुआ अतिक्रमण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर में लंबे समय से अतिक्रमण के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं होने की वजह से कई व्यापारियों ने मनमानी शुरू कर दी है। जिससे मुख्य बाजार व मार्गों पर लोगों के आवाजाही के लिए जगह कम पड़ता जा रहा है। दरअसल व्यापारियों ने त्योहारी सीजन की आड़ में दुकान से लेकर सड़क तक सामान सजा लिया है।

शहर में सबसे ज्यादा परेशानी इतवारी बाजार में है। जहां एक ओर ज्यादातर व्यापारियों ने सड़क के आधे हिस्से तक सामान फैला रखे हैं। वहीं दूसरी ओर नॉनवेज मार्केट दूसरी जगह शिफ्ट करने के बाद अब पुनः आधा दर्जन से अधिक नॉनवेज दुकान खुल चुके हैं। सड़क किनारे खुलेआम मुर्गा-मटन नॉनवेज काटे व बेचे जा रहे हैं। जिस कारण एक तो आवाजाही करने वाले आमजन गंदगी के बीच से गुजरते हैं तो दूसरी ओर नॉनवेज खरीदी के लिए लोगों के सड़क पर वाहन खड़ी कर देने से जाम की स्थिति निर्मित होती है। इस कारण इतवारी बाजार क्षेत्र में खरीदी के लिए पहुंचने वाले खरीदार समेत आम राहगीर परेशान हैं। पूर्व में इतवारी बाजार में नॉनवेज दुकान बंद कराए गए थे लेकिन बाद में वहां नॉनवेज दुकान खोल दी गई है। जिस कारण अब आम आदमी का बाजार से सामान खरीदी व गुजरा मुश्किल हो गया है। साथ ही सड़कों पर लोग वाहन लगाकर नॉनवेज की खरीदी करते हैं। जिससे आए दिन बाजार में जाम लगता है। इतवारी बाजार व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष द्वारा प्रशासन को बाजार में आवागमन परिवहन गाड़ियों के कारण बाधित होना बताया है, लेकिन अवैध रूप से वहां चल रहे नॉनवेज की दुकान हटाने के लिए कोई मांग नहीं की जा रही है जो की गलत है। नगर निगम भी अवैध नॉनवेज दुकानों को हटाने में रुचि नहीं ले रही है। उन्होंने नॉनवेज दुकानो को इतवारी बाजार से तत्काल हटाने की मांग की है।

## डीएसपीएम में औद्योगिक संरक्षा सप्ताह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



सुरक्षा सप्ताह के दौरान डीएसपीएम के अधिकारी व कर्मचारी।

डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह कोरबा पूर्व में औद्योगिक संरक्षा सप्ताह के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों व प्रतियोगिताओं का समापन मुख्य अभियंता डा. हेमंत सचदेवा अध्यक्षता एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता अंजना कुजुर, राजेश्वरी रावत, आशीष श्रीवास्तव, संजीव कंसल एवं एलएन सूर्यवंशी के आतिथ्य में किया गया।

मुख्य अतिथि डा.सचदेवा द्वारा इस अवसर पर उद्योग में संरक्षा की अपरिहार्यता का उल्लेख कर संरक्षा को जीवन का अंग बनाने हेतु आव्हान किया गया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सुरक्षा के नियमों के पालन करने से औद्योगिक दुर्घटनाओं को टाला जा सकता है। कारखाना प्रबंधक संजीव कंसल ने कहा की विचलित मन से कार्य करना भी दुर्घटना का एक कारण मोबाईल एवं अन्य व्याकुलता के कारणों से भी बचना जरूरी है। आशीष श्रीवास्तव ने सुरक्षा उपायों की अनदेखी करने के परिणाम की उदाहरण सहित जानकारी दी। औद्योगिक सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत संरक्षा नारा प्रतियोगिता विषय शून्य दुर्घटना मेरा लक्ष्य एवं कविता प्रतियोगिता विषय औद्योगिक दुर्घटना का मूल कारण एवं निदान, पोस्टर प्रतियोगिता विषय सुरक्षित कार्य प्रक्रिया, प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रतियोगिताओं में सफल प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उन्हें पुरस्कार भी प्रदान किये गए कार्यक्रम का संचालन संरक्षा अधिकारी सुमन सोमानी द्वारा किया गया एवं अधी. अभियंता (संरक्षा) आर.पी टण्डंन द्वारा आभार व्यक्त किया गया। सुरक्षा सप्ताह के समूचे आयोजन में मुख्य संरक्षा अधिकारी टी.पी सिंह, संरक्षा अधिकारी सुमन सोमानी, अग्नि एवं सुरक्षा अधिकारी प्रकाश देवांगन एवं एस.के. डेविड, विनय कुमार नेताम, महिपाल कैवर्त सहित समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।

## ऊर्जा संरक्षण के लिए सुझाए गए उपायों को दिनचर्या में करना होगा शामिल : खरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विश्व ऊर्जा संरक्षण दिवस पर शासकीय ईवीपीजी कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पीजी कॉलेज के रसायन विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कॉलेज की प्राचार्य डॉ साधना खरे ने ऊर्जा संरक्षण और इसके महत्व के विषय पर बताया। उन्होंने कहा कि सिर्फ बात करने से ही नहीं ऊर्जा संरक्षण के लिए सुझाए गए उपायों को हमें अपने दिनचर्या में शामिल करना होगा। इस दिशा में लोगों को जागरूक करना होगा। तभी ऊर्जा का संरक्षण संभव है। बॉटनी डिपार्टमेंट की एचओडी रेणुबाला शर्मा ने बताया कि कैसे हमारे पंचतत्व ऊर्जा का अभिन्न स्त्रोत रहे हैं और हमें लगातार ऊर्जा मिल रही है। अब जरूरत है इन्हें संरक्षित करने की।जितनी जरूरत हो, हमें उतनी ही ऊर्जा प्रकृति से लेनी चाहिए। सहायक प्राध्यापक सुशील अग्रवाल ने ऊर्जा संरक्षण के लिए इकोलॉजी के सिस्टम को समझाया। उन्होंने हैंडप्रिंट और फुटप्रिंट के विषय में उपस्थित श्रोताओं को जानकारी दी। डॉ दिनेश श्रीवास ने दैनिक जीवन में ऊर्जा संरक्षण के विभिन्न तरीकों से श्रोताओं को अवगत कराया। यह भी बताया कि किस तरह हम छोटी आदतों को बदलकर ऊर्जा का संरक्षण कर सकते हैं। केमिस्ट्री डिपार्टमेंट के सहायक प्राध्यापक और कार्यक्रम के संयोजक राजकुमार राठौर और विजेंद्र नामदेव ने पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से ऊर्जा के स्त्रोत और इसके प्रकार पर प्रकाश डाला। प्रेजेंटेशन के जरिये बताया गया कि किस तरह से हम जब टीवी का स्विच ऑन छोड़ देते हैं। तब भी ऊर्जा की बर्बादी होती है। किस तरह से बिजली का उत्पादन होता है। कितनी जटिलता से बिजली हम तक पहुंचाई जाती है और हम इसे अपनी बुरी आदतों बर्बाद कर रहे हैं। बच्चों को बताया गया की फाइव स्टार रेटिंग वाले उत्पाद ही खरीदना चाहिए। जिससे कि कम ऊर्जा खर्च हो और हमें अधिक परिणाम मिले। फाइव स्टार रेटिंग वाले टीवी, फ्रिज, इंडक्शन और इस तरह के कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण कम ऊर्जा लेते हैं और हमें अधिक से अधिक परिणाम देते हैं।

**खास बात**

- पीजी कॉलेज में कार्यक्रम का हुआ आयोजन



कार्यक्रम में उपस्थित प्रोफेसर व छात्र छात्राएं।

## मायुमं व नवचेतना शाखा ने बच्चों को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नगर की अग्रणी समाज सेवी संस्था मारवाड़ी युवा मंच एवं नवचेतना महिला शाखा के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटघोरा में बच्चो के बीच छिपी प्रतिभा को निखारने के लिए चित्रकला एव निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संरक्षक अजय धनोंदिया, प्रांतीय सहायक मंत्री पीयूष अग्रवाल, प्राधानाचार्य बी एक्का, अध्यक्ष अंकुश अग्रवाल, नवचेतना शाखा की पूर्व सचिव प्रियंका अग्रवाल उपस्थित रहे। सचिव अमन अग्रवाल ने बताया कि चित्रकला प्रतियोगिता को अयोध्या के राम मंदिर पर व निबन्ध प्रतियोगिता को भगवान श्रीरामचन्द्र की जीवनी पर रखा गया था। संरक्षक अजय धनोंदिया ने बताया कि निश्चित ही आज जिस प्रकार से बच्चों के लिए केवल पढाई ही मुख्य आधार बन गया है, लेकिन बच्चों को पढाई के साथ ही हर क्षेत्र का ज्ञान होना आवश्यक है, क्योंकि बच्चे आज खेल के क्षेत्र में भी जिस प्रकार से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं वह किसी से भी छुपा हुआ नहीं है। नवचेतना महिला शाखा की पूर्व सचिव प्रियंका बंसल ने बताया कि निश्चित ही संस्था के द्वारा समय समय पर किसी न किसी प्रकार से सामाजिक सेवा की जा रही है। ततपश्चात संश्था द्वारा आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम राजनंदिनी जगत, द्वितीय धनेश्वरी कश्यप, तृतीय उमाशंकर रहीं। वहीं निबन्ध प्रतियोगिता में सुहानी महंत प्रथम, निम्मी रत्नाकर द्वितीय व शालिनी कंवर तृतीय रहीं। मंचस्थ अतिथियों के द्वारा विजयी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जनसंपर्क प्रांतीय सहसंयोजक श्रीमती शीतल मित्तल,को षाध्यक्ष श्रीमती अनुष्का मित्तल, सचिव श्रीमती एकता सिंघल, श्रीमति आँचल अग्रवाल, सचिव संजय मित्तल, कोषाध्यक्ष अमन अग्रवाल सहित विद्यालय के शिक्षक विकास, गौरीशंकर एव बच्चे उपस्थित रहे।



पुरस्कार प्राप्त करती छात्राएं।

### उद्यानों व सार्वजनिक स्थलों में की गई साफ-सफाई

**कोरबा।** जिले में स्वच्छ भारत अभियान के तहत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही आमजनों को स्वच्छ वातावरण से होने वाले फायदों के बारे में बताते हुए अपने आस पास को स्वच्छ बनाए रखने का आग्रह किया गया। अभियान अंतर्गत निगम क्षेत्र में मुड़ापार तालाब में सफाई अभियान चलाकर कचरा, अपशिष्ट पदार्थ, प्लास्टिक, खरपतवार को हटाया गया। इसी प्रकार सार्वजनिक स्थान शारदा विहार उद्यान, स्मृति उद्यान, सामुदायिक भवन, सुनालिया ज्वेलर्स के निकट मल्टीलेवल पार्किंग के आसपास झाड़ी, कचरा सफाई का कार्य किया गया। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नगर फेस-1 दशहरा मैदान एवं सामुदायिक भवन में सफाई अभियान चलाया गया। मुख्य मार्ग अंतर्गत सुनालिया ज्वेलर्स से रेल्वे स्टेशन नहर रोड एवं सुनालिया पुल से अग्रसेन चौक तक सड़कों की सफाई का अभियान एवं कचरे की सफाई कर कचरे का उठाव किया गया। इसी प्रकार आवासीय क्षेत्रों में सफाई मित्रों द्वारा गीला एवं सूखा कचरा पृथक पृथक कर स्वच्छताग्रहियो को देने की अपील की गई।
























# रजनीकांत वेट्टैयन में अमिताभ के साथ आएंगे नजर...

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन, दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत के साथ फिल्म वेट्टैयन में काम करते नजर आएंगे। हाल ही में रजनीकांत की अगली फिल्म थलाइवर 170 की घोषणा की गई है। फिल्म 'थलाइवर 170' को आखिरकार एक टाइटल मिल गया है। टीजे ग्नानवेल द्वारा लिखित और निर्देशित इस फिल्म का नाम 'वेट्टैयन' रखा गया है। प्रोडक्शन बैनर लाइका प्रोडक्शंस ने टाइटल टीजर वीडियो में फिल्म के नाम का खुलासा किया है। फिल्म के टाइटल टीजर क्लिप में रजनीकांत स्टाइलिश रूप से काले धूप के चश्मे लगाए हुए दिखाई दे रहे हैं और कह रहे हैं, जब शिकार जारी है, तो शिकार को गिरना ही चाहिए।

लाइफ Style



# आलिया

## मोस्ट पॉपुलर फीमेल स्टार पाने कई को पीछे छोड़ा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण से लेकर आलिया भट्ट और कियारा आडवाणी तक ने मोस्ट पॉपुलर फीमेल स्टार्स की लिस्ट में अपनी जगह बनाई है। पहली पोजिशन के लिए दीपिका पादुकोण और आलिया भट्ट में जोरदार फाइट देखने को मिली, लेकिन फाइनली आलिया भट्ट ने बाजी मार ली। वहीं दीपिका पादुकोण को टॉप 5 की लिस्ट में दूसरी पोजिशन मिली है।

ऑरमैक्स मीडिया द्वारा जारी की गई इस लिस्ट में कटरीना कैफ तीसरी, कियारा आडवाणी चौथी और आदिपुरुष, गणपत और शहजादा जैसी फिल्मों का हिस्सा रह चुकीं एक्ट्रेस कृति सैनन को 5वीं पोजिशन मिली है। पिछले दिनों 'सत्यप्रेम की कथा' जैसी ब्लॉकबस्टर हिट फिल्म दे चुकीं कियारा आडवाणी साल 2024 में 'वॉर-2' में नजर आएंगी। फिल्म को लेकर अभी तक काफी बज बना हुआ है। सलमान खान के साथ हाल ही में टाइगर-3 जैसी ब्लॉकबस्टर हिट फिल्म दे चुकीं कटरीना कैफ जल्द ही फिल्म 'मैरी क्रिसमस' में विजय सेतुपति के साथ नजर आएंगी।


पिछले दिनों 'सत्यप्रेम की कथा' जैसी ब्लॉकबस्टर हिट फिल्म दे चुकीं कियारा आडवाणी साल 2024 में 'वॉर-2' में नजर आएंगी। फिल्म को लेकर अभी तक काफी बज बना हुआ है। सलमान खान के साथ हाल ही में टाइगर-3 जैसी ब्लॉकबस्टर हिट फिल्म दे चुकीं कटरीना कैफ जल्द ही फिल्म 'मैरी क्रिसमस' में विजय सेतुपति के साथ नजर आएंगी।

हॉलीवुड मसाला



# कुंग फू... में जैक की वापसी

**लॉस एंजिलस।** 'कुंग फू पांडा' के फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी है, क्योंकि 'कुंग फू पांडा 4' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस ट्रेलर की सबसे खास बात यह है कि इस सीजन में जैक ब्लैक वापस आ गया है। दरअसल, जैक ब्लैक इस सीजन में फिर से पो की आवाज बनेंगे। 13 दिसंबर को यूनिवर्सल पिक्चर्स ने कुंग फू पांडा 4 का आधिकारिक ट्रेलर जारी किया है। दो मिनट और 27 सेकंड के ट्रेलर को देखकर यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस बार 'कुंग फू पांडा' और भी ज्यादा रोमांचक होगा।



# विन संग घर बसाना चाहती थीं दीपिका...

**लॉस एंजिलस।** दीपिका पादुकोण ने 2017 में विन डीजल के साथ फिल्म एक्स एक्स एक्स से हॉलीवुड डेब्यू किया था। इस फिल्म के बाद दीपिका ने को-एक्टर विन डीजल के साथ शादी करने और घर बसाने से जुड़ा एक स्टेटमेंट दिया था, जिसके चलते उन्हें ट्रोल होना पड़ा था। दीपिका इस शो पर गेस्ट बनकर पहुंची थीं और यहां होस्ट ने दीपिका को उनकी और विन की एक कोजी फोटो दिखाकर पूछा था कि क्या उनके बीच कुछ चल रहा है? इसके जवाब में दीपिका ने कहा था 'बिना आग के धुआं नहीं होता है लेकिन यह सब मेरे दिमाग में है...मैं दिमाग में सोचती हूं कि मैं और विन साथ हैं। हम साथ में रहते हैं...हमारी शानदार केमिस्ट्री है और अमेजिंग बेबीज हैं...लेकिन यह सब मेरे दिमाग में है। बता दें कि दीपिका पादुकोण ने उसी साल नवंबर में 'कॉफी विद करण' में आईं।



# गाना रिलीज, पटना की लड़की है, देखा क्या

**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री-गायिका अक्षरा सिंह का गाना पटना की लडकी है रिलीज हो गया है। पटना की लडक्री है गाने में अक्षरा सिंह एक्शन करती नजऱ आई है। यह गाना अक्षरा सिंह के यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। गाना पटना की लडक्री है को अक्षरा सिंह ने गाया है और इसके गीतकार ऋषि ग्वाला हैं, जबकि संगीतकार आशीष वर्मा हैं। गाना पटना की लड़की है के डीओपी पंकज सोनी हैं। निर्देशक रामदेवन हैं। फाइट मास्टर प्रदीप खड़्का हैं। संपादक आर. निंजा और डीआई रोहित सिंह हैं। यह गाना लड़कियों के लिए प्रेरणा है : अक्षरा गाना पटना की लड़की है को लेकर अक्षरा सिंह ने कहा कि यह गाना लड़कियों के लिए प्रेरणा है। एक कांसेप्ट के साथ यह गाना बेहद खास बना है।



# फिर शुरू हुई अक्षय की फिल्म की शूटिंग

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' की शूटिंग शुरू हो गई है। अक्षय कुमार स्टारर फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' की रिलीज से पहले हाल ही में मेकर्स को लेकर काफी विवाद भी हुआ है, जिसके चलते 'वेलकम टू द जंगल' की शूटिंग बीच में ही रोक दी गई थी। लेकिन अब इस फिल्म की शूटिंग फिर से शुरू हो गई है। अक्षय कुमार ने इसका एक लेटेस्ट वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जिसमें वह फिल्म की अन्य स्टार कास्ट भी नजर आ रही है। इस फिल्म के एक वीडियो में अक्षय कुमार के साथ लारा दत्ता, अरसद वारसी, दिशा पाटनी और फिल्म के अन्य कलाकार भी दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में लारा शूटिंग के दौरान अक्षय और अरसद पर कोड़े बरसाती हुई नजर आ रही हैं।

टीवी मसाला

# सबसे ज्यादा फीस लेती हैं टीवी की ये अभिनेत्रियां...

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के साथ टीवी की भी कुछ ऐसी ही अभिनेत्रियां है जो अपनी एक्टिंग के कारण काफी ज्यादा फीस लेती हैं। यहीं कारण है कि वह हमेशा लाइमलाइट में भी बनी रहती हैं। एक एपिसोड के लाखों रुपये चार्ज करने वाली इन टीवी की एक्ट्रेस को किसी पहचान की जरूरत नहीं हैं। इन टीवी की अभिनेत्रियों की कुल नेटवर्थ करोड़ों रुपए है।



**हिना खान :** इस लिस्ट में सबसे पहला नाम हिना खान का आता है। हिना खान आज किसी पहचान की मोहताज नहीं है। वह टीवी सीरियल में नजर आ चुकी हैं। हालांकि अब वह फिल्मों में और वेब सीरीज में ज्यादा एक्टिंव रहती हैं। उन्हें 'ये रिश्ता क्या कहलाता' है शो में देखा गया था। हिना एक एपिसोड के लिए 1 लाख से 1.25 लाख रुपये चार्ज करती थीं। इस दौरान भी वह हफ्ते का 8 लाख रुपये चार्ज करती थी। कुल नेटवर्थ की बात करें तो वह 52 करोड़ रुपये मालकिन है।



**रूपाली गांगुली :** रूपाली गांगुली को कौन नहीं जानता होगा। अपने दमदार अभिनय के लिए मशहूर रूपाली गांगुली को हर घर की महिलाएं जानती हैं। शो 'अनुपमा' के जरिए वह हर महीने लाखों रुपये की कमाई करती हैं। वह एक एपिसोड के 3 लाख रुपए लेती हैं। वहीं कुल संपत्ति की बात करें तो रिपोर्ट के अनुसार उनकी कुल संपत्ति 20 करोड़ रुपये आंकी गई है। यह शो टीआरपी के मामले में हमेशा टॉप पर रहता है।



**अंकिता लोखंडे :** इन दिनों बिग बॉस हाउस में तहलका मचा रही अंकिता लोखंडे अब केवल टीवी की दुनिया में सीमित नहीं है। अभिनेत्री एक एपिसोड के करीब 1.25 लाख रुपये लेती थीं। वहीं वह बिग बॉस हाउस में भी सबसे अधिक फीस ले रही हैं। उनकी कुल नेटवर्थ की बात करें तो वह 23 करोड़ रुपये है।



**जेनिफर विंगेट :** टीवी की जानी मानी अदाकारा जेनिफर विंगेट भी किसी पहचान की मोहताज नहीं है। अपनी शांत अंदाज से लोगों के दिल में एक खास पहचान बनाने वाली जेनिफर विंगेट को लोगों ने काफी पसंद किया था। उन्हें बेपनाह से काफी लोकप्रियता मिली थी। उन्होंने फिल्मों में भी काम किया है। जेनिफर विंगेट की कुल संपत्ति की बात करें तो रिपोर्ट के अनुसार उनकी कुल संपत्ति 42 करोड़ रुपये है।

# राजकपूर की इन फिल्मों का विवादों से रहा नाता, फिर भी रहीं ब्लॉकबस्टर...

**मुंबई।** हिंदी सिनेमा में जब भी बेहतरीन एक्टिंग की बात होती है तो राज कपूर का नाम जरूर आता है। राज कपूर हिंदी सिनेमा के वो सितारे हैं जिनको एक्टिंग का भगवान कहा जाता है। राज कपूर भले ही इस दुनिया में न हो लेकिन आज भी उनकी कमी इंडस्ट्री को खलती है। राज कपूर की आज बर्थ एनिवर्सरी है, उनका जन्म 14 दिसंबर को हुआ था। अभिनेता ने अपने फिल्म के जरिए लोगों को काफी जागरुक किया है। उन्होंने समाज में चल रही हर दिक्कत पर फिल्म बनाई और लोगों को उसको प्रति जागरुक किया लेकिन इनकी कुछ फिल्में काफी विवादों में रहीं फिर भी उन फिल्मों ने बॉक्स आफिस पर जमकर धमाल किया।



### श्री 420 (1955)

फिल्म श्री 420 (1955) में राज कपूर ने एक अनाथ की भूमिका निभाई थी, जो अपने सपने को हकीकत में बदलने के लिए बॉम्बे (अब मुंबई) पहुंचता है। इस फिल्म का गाना 'मेरा जूता है जापानी' जो आज भी लोग सुनना पसंद करते हैं। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा बिजनेस किया था।

### वर्ष 1948 में आई फिल्म आग

साल 1948 में आई फिल्म आग जिसमें राज कपूर निर्माता और निर्देशक के रूप में दिखाई दिए थे। इस फिल्म में नरगिस एक्ट्रेस के रूप में दिखाई दी थी, जो कि दोनों की साथ की पहली फिल्म थी। इस फिल्म में बाहरी सुंदरता से ज्यादा आंतरिक सुंदरता के महत्व को बताया गया है। खास बात यह है कि इस फिल्म में राज के सबसे छोटे भाई शशि कपूर भी दिखाई दिए थे। फिल्म में शशि ने यंग 'केवल' की भूमिका निभाई थी।

### भारत सहित रूस में भी लोकप्रिय रही आवारा

साल 1951 में आई फिल्म आवारा का निर्माण, निर्देशन राज कपूर ने ही किया था। अभिनेता ने इस फिल्म में एक्टिंग भी की थी जो कि सुपरहिट रही थी। फिल्म में नरगिस भी मुख्य भूमिका में नजर आईं थी। फिल्म को लोगों ने काफी प्यार दिया और इस फिल्म की लोकप्रियता सिर्फ भारत नहीं बल्कि रूस में भी देखने को मिली थी।

# बिग बी शामिल होंगे निर्माता आनंद पंडित के 60वें जन्मदिन समारोह में



**मुंबई।** 2023 फिल्म व्यवसाय के लिए मिश्रित सौगातें लेकर आया लेकिन निर्माता आनंद पंडित वर्ष की समाप्ति साल की सबसे बड़ी पार्टी के साथ करेंगे। अपने 60वें जन्मदिन और अपनी सफल रियल एस्टेट कंपनी लोटस डेवलपर्स के 20 साल पूरे होने पर आनंद पंडित साल के सबसे बड़े जश्न का आयोजन कर रहे हैं। झिलमिलाते सितारों की महफ़िल का नेतृत्व करेंगे शाम के मुख्य अतिथि और मेगास्टार अमिताभ बच्चन। पंडित ने सोशल मीडिया पर उस पल की दिल छू लेने वाली एक झलक पोस्ट की, जब वह बिग बी को आमंत्रित करने के लिए उनके घर गए थे।

## किसी के घर में इस साल शहनाइयां बजीं, तो किसी के घर में आए नए मेहमान

# साल 2023 इन सेलिब्रिटियों के लिए रहा बेहद लकी, घर में गूंजी किलकारियां

*मुंबई। साल 2023 खत्म होने में ज्यादा वक्त नहीं है। आम लोगों के साथ-साथ साल 2023 फिल्मी सितारों से लेकर दूसरे लोगों के लिए भी बेहद अच्छा रहा है। इस साल बहुत से सेलिब्रिटियों ने घर बसाया तो बहुत से घरों में किलकारियां गूंजी है। साल खत्म होने को है, चलिए जान लेते हैं उन सेलिब्रिटियों के बारे में, जो इस साल फैंस को गुड-न्यूज दिए हैं और जिनकी घर में बच्चे के आने की खुशियां सेलिब्रेट किया गया है।*

### सना खान

सना खान ने साल 2020 में मुफ्ती अनस सैयद से शादी की थी। शादी के बाद एक्ट्रेस सना खान ने इस साल 2023 में फैंस को बच्चे के आने की गुड-न्यूज दी है। अभिनेत्री सना खान मदरहुड को बेहद एन्जॉय कर रही हैं उन्होंने जून में बेटे को जन्म दिया है।

### राहुल वैद्यकर और दिशा परमार

सिंगर और बिग बॉस फेम राहुल वैद्यकर और बड़े अच्छे लगते हैं फेम दिशा परमार ने भी इस साल प्रेग्नेंसी अनाउंस की थी। कपल सितंबर में बेटी को जन्म दिया है। दोनों कपल अपनी बेटी को लेकर बेहद खुश हैं, सोशल मीडिया में लक्ष्मी आई है के साथ इन्होंने फैंस को खुशखबरी सुनाई है।

### रामचरण और उपासना कोंडिला



रामचरण और उपासना ने भी इस साल एक प्यारी बेटी को जन्म दिया है। साउथ के सुपरस्टार रामचरण तेज और अपोलो फाउंडेशन की चेयरपर्सन उपासना ने अपनी बेटी का नाम क्लिन कारा रखा है।

### शोएब और दीपिका कक्कड़



शोएब और बिग बॉस फेम दीपिका ने जनवरी में अपनी प्रेग्नेंसी की घोषणा की थी। बेहद खूबसूरत नोट के साथ कपल ने इंस्टाग्राम पर यह गुडन्यूज फैंस के साथ शेयर की थी। कपल ने एक बेटे को जन्म दिया है।

### श्लोका मेहता और आकाश अंबानी



अंबानी परिवार की लाडली बहू आए दिन सुर्खियों में बनी रहती हैं। कपल ने इस साल एक बार फिर गुड न्यूज सुनाई है। मई 2023 में आकाश अंबानी और श्लोका मेहता एक प्यारी बेटी को जन्म दिए हैं।

### वत्सल शेठ और इशिता दत्ता

वत्सल और इशिता ने साल 2017 में शादी की थी, शादी के पांच साल बाद कपल ने फैंस के साथ प्रेग्नेंसी की गुड न्यूज सुनाई थी। कपल ने बेबी बॉय को जन्म दिया है। दोनों अपने बच्चे को लेकर बेहद खुश हैं और आए दिन बच्चों की तस्वीरें शेयर करते रहते हैं।

### फहाद और स्वरा भास्कर

फहाद और स्वरा भास्कर ने भी इस साल फैंस और फैमिली को गुड न्यूज दिया था। कपल ने जनवरी में शादी रचाई थी, जिसके बाद सितंबर में इन्होंने एक प्यारी बेटी को जन्म दिया है। कपल ने बेटी का नाम राबिया रखा है।

### रोशेल राव और कीथ सिकेरा

बिग बॉस एक्स कंटेस्टेंट रोशेल राव और कीथ सिकेरा ने भी इस साल प्रेग्नेंसी अनाउंस की थी। कपल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर मैटरनिटी फोटोशूट कर तस्वीरे शेयर की थी।

## खबर संक्षेप

### राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में समीर ने जीता गोल्ड मेडल



**गोधना।** बिलासपुर में आयोजित अंतर परिक्षेत्र राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के विभिन्न स्पर्धाओं में ग्राम कुरियारी के युवा होनहार खिलाड़ी समीर सायतोड़े ने दौड़ में तीन गोल्ड मेडल जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस खेल का आयोजन 10 से 12 दिसंबर तक बिलासपुर के बहतराई स्टेडियम पर हुआ था। समीर ने दौड़ के तीन स्पर्धा जिसमें 100 मीटर दौड़ ,200 मीटर दौड़ एवं 4×100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इनके पिता श्यामलाल से सायतोड़े ने बताया कि बचपन से ही समीर को दौड़ने में विशेष रूचि है। उसकी रुचि को ध्यान में रखकर उसे रेस के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। फलस्वरूप आज जो मेडल और सम्मान प्राप्त हो रहा है वह परिवार और गांव के लिए सम्मान की बात है। गांव के बेटे की इस उपलब्धि पर ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है।

### अपर कलेक्टर ने किया तहसील कार्यालय व स्कूल का निरीक्षण

**जांजगीर-चांपा।** अपर कलेक्टर एसपी वैद्य ने धान खरीदी केंद्र, तहसील कार्यालय सारागांव एवं स्कूल का निरीक्षण किया। अपर कलेक्टर ने गुरुवार को धान खरीदी केंद्र कोसमंदा, कमरीद, सारागांव, चोरिया और लखाली का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने खरीदी प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने तहसील कार्यालय सारागांव का निरीक्षण कर उपस्थित अधिवक्तागण एवं पक्षकारों से मुलाकात कर चर्चा की एवं संबंधित अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण हेतु निर्देशित किया। इसके साथ अपर कलेक्टर श्री वैद्य ने प्राथमिक शाला सरवानी में छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक गतिविधियों, शिक्षको की उपस्थिति की जांच की और आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम चांपा नीरनिधि नंदेहा उपस्थित थे।

### लायंस स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी व आनंद मेला आज

**चांपा।** अंतर्राष्ट्रीय समाज सेवी संस्था लायंस इंटरनेशनल की स्थानीय इकाई लायंस क्लब चांपा द्वारा संचालित लायंस इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल में शनिवार 16 दिसम्बर को विज्ञान प्रदर्शनी एवं आनंद मेले का आयोजन दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन शैलेश अग्रवाल होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर द्वितीय लायन विजय अग्रवाल तथा पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन डॉ. व्ही. के. अग्रवाल मौजूद रहेंगे। यह जानकारी देते हुए लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन ने आमंत्रितो से कार्यक्रम में उपस्थिति का आग्रह किया है।

### मुख्यमंत्री को भाजपा जिला सह प्रकोष्ठ के सहसंयोजक ने भेंट किया तैल चित्र



**बाराद्वार।** प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने एवं विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनाए जाने पर भाजपा जिला सह प्रकोष्ठ के सहसंयोजक ने उनसे सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने उनके तेल चित्र को सप्रेम भेंट किया। प्रदेश में हुए विधानसभा चुनाव में इस भाजपा को पूर्ण बहुमत मिला। वहीं भाजपा के शीर्ष नेतृत्व द्वारा विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनाया गया है। नगर के भाजपा जिला सह प्रकोष्ठ सहसंयोजक गोपाल जोशी ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से रायपुर में सौजन्य मुलाकात कर उनके तेल चित्र को सप्रेम भेंट किया।

### तहसील से लेकर राज्य स्तर तक दे चुके आवेदन

# चार साल बाद भी डूबान प्रभावित किसानों को नहीं मिला मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डभरा

बैराज के डूबान क्षेत्र में आने वाले किसानों को चार साल बाद भी मुआवजा नहीं मिल सका है। किसानों के नाम पर मुआवजा राशि तो निकली, लेकिन किसानों तक नहीं पहुंच सकी। किसानों ने तहसील से लेकर राज्य स्तर तक आवेदन दिया है, लेकिन अभी तक मुआवजा नहीं मिल सका है।

विदित हो कि तहसील डभरा अंतर्गत ग्राम साराडीह के महानदी में कारखानों को पानी सप्लाई करने के लिए बैराज बनाया गया है, जिसमें क्षेत्र के आसपास के गांवों के सैकड़ों किसानों का जमीन डुबान में आ गया है। डुबान में आए जमीन के बदले शासन के द्वारा किसानों को मुआवजा राशि दिया जाना है, जिसमें अधिकांश किसानों को मुआवजा प्रदान भी किया जा चुका है। नदी के किनारे ग्राम नावापारा के किसानों का भी जमीन डुबान में आया है उनमें से नौ किसान ऐसे हैं जिनकों अब तक मुआवजा राशि नहीं मिल सकी है। बताया जा रहा है कि इन किसानों के नाम से चेक बनकर जारी हो गया, उनके नाम से खाता भी खुल गया और राशि आहरण भी हो गया, लेकिन यह राशि किसानों को नहीं मिली। मुआवजा की राशि लगभग



साराडीह में महानदी पर बना बैराज।

सवा करोड़ रुपए बताई जा रही है। इस मामले को लगभग चार साल हो गए हैं। इस दौरान किसानों के द्वारा तहसील से लेकर राज्य स्तर तक आवेदन दिया जा चुका है। बहरहाल देखना होगा कि किसानों की राशि कहां गई। संबंधित विभाग के अफसर इस मामले में कब तक उचित कार्रवाई करते है ये देखने वाली बात होगी।

**चल रही जांच**

साराडीह बैराज के डूबान क्षेत्र में जमीन आने वाले कुछ किसानों को मुआवजा नहीं मिलने की शिकायत मिली थी। इस मामले की जिला स्तर पर जांच चल रही है।

-दिव्या अग्रवाल,
एसडीएम, डभरा

### नहीं बना पीएम आवास, सीएमओ और इंजीनियर को नोटिस

**जांजगीर-चांपा।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के मोर जमीन मोर मकान अंतर्गत स्वीकृत आवासों के निर्माण में धीमी गति को लेकर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने नगर पालिका जांजगीर-नैला के सीएमओ और प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के सहायक नोडल अधिकारी को नोटिस जारी कर 7 दिन के भीतर जवाब मांगा है। जवाब नहीं मिलने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की बात कही गई है। राज्य में नई सरकार बनते ही प्रधानमंत्री आवास योजना को प्राथमिकता के क्रम में रखा गया है। इसको लेकर नगरीय प्रशासन विभाग भी सजग हुआ है। जांजगीर-नैला नगर पालिका में 216 प्रगति रत आवासों को जून 2023 तक पूर्ण किया जाना था मगर इनमें से मात्र 84 आवास नवंबर तक पूर्ण हो सके। यह निर्धारित लक्ष्य का मात्र 39 प्रतिशत है। आवासों की धीमी गति को लेकर नगरीय प्रशासन विभाग के विशेष सचिव डॉ. अय्याज फकीर तंबोली ने नगरपालिका के सीएमओ व पीएम आवास योजना के सह नोडल अधिकारी चंदन शर्मा और प्रधानमंत्री आवास योजना के सहायक नोडल अधिकारी शिवा बर्मन को नोटिस जारी किया है। नोटिस में लक्ष्य पूर्ण नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए इसे कार्य में लापरवाही और उदासीनता बताया गया है। सात दिन के भीतर नोटिस का जवाब देने को कहा गया है। समय पर जवाब नहीं मिलने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।



बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देती कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना।

## शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' का जिले में सफल एवं बेहतर आयोजन सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने शुक्रवार 15 दिसंबर को जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सभी सीईओ और सीएमओ की बैठक ली।

- विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर ने सभी सीईओ और सीएमओ की ली बैठक

बैठक में उन्होंने 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के तहत शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने के अलावा वंचित हितग्राहियों को इन योजनाओं से लाभान्वित कराने के लिए योजनाबद्ध ढंग से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम का आयोजन ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में निर्धारित रूट के अनुसार किए जाने कहा। उन्होंने कार्यक्रम के सुव्यस्थित आयोजन के लिए विभिन्न स्तरों पर नोडल अधिकारियों का निर्धारण, उत्तरदायित्वों के निर्वहन, जिला स्तर पर नियंत्रण एवं समन्वय की स्थापना, प्रचार-प्रसार हेतु वैन के रूट चार्ट, वैन आने के पूर्व की तैयारी, प्रचार वैन के गांव में पहुचने के दौरान कार्यक्रम की रूपरेखा, वाहन प्रभारी अधिकारी की नियुक्ति, आईटी पोर्टल में वास्तविक समय में निगरानी आदि के संबंध में जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में डभरा एसडीएम सुश्री दिव्या अग्रवाल, परियोजना निदेशक जिला पंचायत बी पी भारद्वाज, संयुक्त कलेक्टर बालेश्वर राम सहित सभी जनपद के सीईओ और नगरीय निकायों के सीएमओ उपस्थित थे।

### स्काउट गाइड निपुण कोर्स में सफल विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित



प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित छात्राएं एवं स्कूल स्टाफ।

**बिर्रा।** पामगढ़ विकासखंड के भारती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लगरा में जिला स्तरीय तृतीय सोपान निपुण प्रशिक्षण शिविर आयाजित हुआ, जिसमें शासकीय दीवान दुर्गेश्वर सिंह हायर सेकेण्डरी स्कूल बिर्रा से सात रेंजर ने अपने रेंजर लीडर प्रेमलता साहू के नेतृत्व में सम्मिलित हुए। स्काउट गाइड के रेंजर को निपुण कोर्स में सफलता प्राप्त करने पर स्कूल के प्राचार्य एस के कुर्रे ने सम्मिलित होने वाले छात्रा पूजा पटेल, कुंती पटेल, जानकी मांझी, राजेश्वरी पटेल, पूजा मांझी, लता मांझी, गनेशी पटेल को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। साथ ही उनके पूरा विद्यालय परिवार ने उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रमाण पत्र वितरण में स्कूल के प्राचार्य एस के कुर्रे, प्रेमलता साहू, आर के साहू, लक्ष्मी खूंटे सहित विद्यालय परिवार उपस्थित थे।

## सच्ची लगन व मेहनत से करें कार्य तो मिलेगी सफलता: कश्यप

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

अंतर्राष्ट्रीय समाज सेवी संस्था लायंस इंटरनेशनल की स्थानीय इकाई लायंस क्लब चांपा द्वारा संचालित लायंस इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल में 11 से 14 दिसम्बर

- लायंस स्कूल के त्रिदिवसीय वार्षिक खेल समारोह का हुआ समापन

तक आयोजित त्रिदिवसीय वार्षिक खेल समारोह का समापन समारोह गुरूवार 14 दिसम्बर को दोपहर 2 बजे से जांजगीर - चांपा विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक व्यास कश्यप के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में लायंस क्लब शिक्षण समिति के चेयरमेन लायन व्ही. के. अग्रवाल सहित लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन, लायंस क्लब शिक्षण समिति के सचिव लायन राजेश अग्रवाल, क्रीड़ा प्रभारी लायन नारायण सोनी सहित लायन डॉ.



समारोह में स्कूल स्टॉफ को सम्मानित करते अतिथि।

के.पी.राठौर, लायन संतोष अग्रवाल, लायन व्ही.एन.बिरथरे, लायन श्रीमती संगीता अग्रवाल तथा लायन वासुदेव देवांगन भी मंचस्थ थे।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जांजगीर-चांपा विधायक व्यास नारायण कश्यप ने लायंस स्कूल चांपा को जिले का पहला अंग्रेजी माध्यम का स्कूल बताते हुए इसे क्षेत्र का गौरव कहा। उन्होंने स्कूल के वार्षिक खेल समारोह में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि स्पर्धा में जीत - हार मायने नहीं रखती। स्पर्धा में जीतने वाले विद्यार्थियों से उन्होंने आत्ममुग्ध नहीं होने तथा पराजित होने वाले विद्यार्थियों से कहा कि आगामी स्पर्धाओं में सच्ची लगन व मेहनत के साथ शामिल होकर प्रयास करे तो उन्हें निश्चित ही सफलता प्राप्त होगी। कश्यप ने स्कूल प्रबंधन को भविष्य में अपनी ओर से हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। समारोह को इसके अलावा विशिष्ट अतिथि लायन डॉ. व्ही. के. अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि स्पर्धा में हार - जीत से ज्यादा महत्व खेल भावना व अनुशासन बनाये रखने का होता है। खेल भावना विद्यार्थियों को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के लिए प्रोत्साहित करती है जिससे वे भविष्य में आगे बढ़ने का प्रयास कर सफल हो सकते है। समारोह को लायंस अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन तथा क्रीड़ा प्रभारी लायन नारायण सोनी ने भी संबोधित करते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। समारोह के प्रारंभ में मुख्य अतिथि सहित अन्य मंचस्थ अतिथियों ने विद्या की देवी मां सरस्वती के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। इसके बाद सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। प्राचार्य श्रीमती अजिता वी.के. ने अपने स्वागत भाषण में शामिल होने वाले सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए अतिथियों का समारोह में शाला परिवार की ओर से स्वागत किया। इस दौरान खो - खो स्पर्धा का बालक वर्ग का फाइनल मैच भगत हाऊस तथा आजाद हाऊस के बीच खेला गया जिसमें भगत हाऊस ने विजय हासिल की। इसी तरह खो - खो बालिका वर्ग का फाइनल मैच भगत हाऊस तथा सुभाष हाऊस के बीच खेला गया जिसमें सुभाष हाऊस को हराकर भगत हाऊस की टीम विजेता रही। समारोह का संचालन शिक्षिका जया अग्रवाल तथा अंत में आभार प्रदर्शन शिक्षक वीरेन्द्र वर्मा ने किया। अंत में शाला परिवार की ओर से मुख्य अतिथि व्यास कश्यप को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह के अंत में मुख्य अतिथि व्यास कश्यप ने खेल ध्वज का अवतरण कर स्पर्धा के समापन की घोषणा की। उन्होंने इस दौरान वार्षिक खेल समारोह के विजेताओं को पुरस्कार भी प्रदान किये। इस मौके पर शाला के विद्यार्थियों सहित स्कूल स्टॉफ के शिक्षक - शिक्षिकाएं भी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## प्रशिक्षण एवं जांच शिविर में शामिल हुई जेडीएम स्कूल की छात्राएं

**देवरी-सारागांव।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ द्वारा भारती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लगरा विकास खण्ड पामगढ़ में 9 दिसंबर से 12 दिसंबर तक तृतीय सोपान, निपुण प्रशिक्षण एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया।

डीईओ के आदेश पर आयोजित इस चार दिवसीय शिविर में जेडीएम शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारागांव की छह छात्राएं नीलम कश्यप, कुसुम देवांगन, दामिनी महंत, तमन्ना कश्यप, प्रिंसी राठौर,आंचल राठौर ने सक्रियता से भाग लिया। कठिन परिश्रम करके इन छात्राओं ने गाइडिंग से संबंधित समस्त पाठ्यक्रमों को पूर्ण किया। शिविर का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह 12 दिसंबर को अतिरिक्त कलेक्टर लवीना पाण्डेय के मुख्य आतिथ्य, कमल देवांगन अध्यक्ष जिला संघ की अध्यक्षता, श्रीमती भारती वर्मा जिला शिक्षा अधिकारी, अनंत थवाईत उपाध्यक्ष जिला संघ के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। समापन अवसर पर अतिथियों द्वारा जे डी एम शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारागांव से सम्मिलित सभी छात्राओं, संरक्षक शिक्षिका श्रीमती सविता राठौर, संस्था के प्राचार्य एस आर कुर्रे को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। संस्था



प्रमाण पत्र प्रदान करते अतिथि।

के प्राचार्य एस आर कुर्रे ने बताया कि इस विद्यालय में स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार गाइड दल का गठन कर बच्चों को सामाजिक कार्यों के लिए सतत प्रेरित किया जा रहा है। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ द्वारा आयोजित इस शिविर में जेडीएम कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्राओं के सक्रिय सहभागिता एवं पाठ्यक्रम को सफलता पूर्वक पूर्ण करने पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के पदाधिकारियों, अभिभावकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आगे बढ़ने का संदेश दिया है।

## पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर हुई चर्चा

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील चाम्पा, सारागांव, बम्हनीडीह की संयुक्त बैठक मां गायत्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारागांव में हुई।

बैठक में भानुप्रतापपुर में आयोजित पेंशनर डे में शामिल होने तथा संगठनात्मक रणिनीति, कैशबुक अवलोकन, नए सदस्य बेदराम रत्नाकर का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। बैठक में छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ संयुक्त तहसील चाम्पा, सारागांव, बम्हनीडीह के अध्यक्ष बालमुकुंद चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष नंद कुमार राठौर, सूरजसिंह राठौर, शिवचरण लालकर्ष, बेदप्रसाद राठौर,



बैठक में उपस्थित पेंशनर।

धनश्याम यादव, बिरिचराम मिरी, बेदराम रत्नाकर, रामेश्वर प्रसाद बनवा ,रामदुलारी धीवर, दासव प्रसाद गुप्ता, गौरीशंकर राठौर, राजाराम राठौर, तीजेंद्र कुमार तिवारी, लिलेश्वर प्रसाद तिवारी, मटरू लाल राठौर, दुजराम पाटले, भगवान प्रसाद बानी, आनंदराम देवांगन, बाल गोबिन्द श्रीवास, अघोरी राम साहू, महाबीर सिंह राज, रामकुमार राठौर, मणिशंकर राठौर, जय कुमार राठौर उपस्थित थे।

## विविध कार्यक्रम में शामिल हुए महामंडलेश्वर राजेश्री महंत

**शिवरीनारायण।** महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास अपने शिवरीनारायण प्रवास के दौरान विविध कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। राजेश्री महन्त महाराज शिवरीनारायण प्रवास के दौरान मेला ग्राउंड में केशरवानी मित्र मंडल शिवरीनारायण के द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। यहां श्रीमद् भागवत कथा का रसपान किया एवं व्यास पीठ पर विराजित आचार्य अनन्या का शाल श्रीफल से सम्मान किया। व्यास पीठ से आचार्य जी ने भी राजेश्री महन्त महाराज का साल, श्री फल से सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में उनके साथ पूर्णेन्द्र तिवारी, कमलेश सिंह, रेखेंद्र



तिवारी, सूर्यकांत पांडे, शरद शर्मा, नित्यानंद उपाध्याय, मीडिया प्रभारी प्रभारी निर्मल दास वैष्णव सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित थे। शिवरीनारायण प्रवास के दौरान उनसे मठ पहुंचकर क्षेत्र के अनेक अति विशिष्ट लोगों ने भेंट मुलाकात की। वे शिवरीनारायण में 17 दिसंबर को आयोजित होने वाले श्री सीताराम विवाह महोत्सव की तैयारी की संदर्भ में यहां आए हुए हैं।

हरिभूमि
आवश्यकता है
यदि आप सुनहरे भविष्य के लिए कुछ करना चाहते है तो जुड़े हरिभूमि के साथ ऐसे युवक-युवतियों के लिए जो प्रिंट मीडिया, मार्केटिंग के कार्य क्षेत्र में अपना कैरियर बनाना चाहते हैं। मेहनती, उत्साही, योग्य एवं आकर्षक व्यक्तित्व वाले युवक-युवतियों की।
सर्वेयर-10 पद
न्यूनतम योग्यता
12 से 4.00 बजे तक
लिंक रोड आशीर्वाद भवन के सामने मेट्रो टाकिज के पास जांजगीर
मो. 9303508198

राहुल ट्रैवेल्स अब आपके क्षेत्र में फ्रेंचाइजी / एजेंसी दे रहे हैं,
मात्र 20000 से 25000 के इन्वेस्टमेंट में 10 % का मार्जिन।
राहुल ट्रैवेल्स
(वन वे टैक्सी प्राइवेट लिमिटेड)
रायपुर एयरपोर्ट (छग)
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें -
विनोद पिंजानी 7693055301

online Booking-www.tripuryatra.com
स्पेशल ट्रेन से
23 दिसंबर से 02 जनवरी 2024
सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरुपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी
राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 32,500/-
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
संपर्क करें:-7354-411411